# अध्याय - 5 | कांग्रेस प्रणाली : चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना QUIZ-01

1. **नेहरू की मृत्यु के बाद 1964 में प्रधानमंत्री के रूप में किसे चुना गया था?**
   A. इंदिरा गांधी
   B. मोरारजी देसाई
   C. के. कामराज
   D. लाल बहादुर शास्त्री (D)

***व्याख्या :*** नेहरू की मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री को उनकी सादगी और नैतिकता के कारण सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री चुना गया।

2. **1971 के चुनावों के दौरान इंदिरा गांधी का प्रसिद्ध नारा क्या था?**
   A. जय हिंद
   B. गरीबी हटाओ
   C. भारत माता की जय
   D. जय जवान जय किसान (B)

***व्याख्या :*** इंदिरा गांधी ने 1971 के चुनावों में 'गरीबी हटाओ' का नारा देकर गरीबों और वंचितों को आकर्षित किया।

3. **1967 में विधायकों के बार-बार दल बदलने को किस शब्द से जाना गया?**
   A. पार्टी-हॉपिंग
   B. क्रॉस-वोटिंग
   C. आया राम, गया राम
   D. फ्लोर स्विचिंग (C)

***व्याख्या :*** हरियाणा में गया लाल के बार-बार पार्टी बदलने के कारण 'आया राम, गया राम' शब्द प्रचलित हुआ।

4. **1967 में तमिलनाडु में किस क्षेत्रीय पार्टी ने सत्ता प्राप्त की?**
   A. एआईएडीएमके B. भाजपा
   C. डीएमके D. सीपीआई(एम) (C)

***व्याख्या :*** डीएमके ने हिंदी विरोधी आंदोलन के बाद तमिलनाडु में बहुमत से जीत हासिल की।

5. **1969 के राष्ट्रपति चुनाव में इंदिरा गांधी ने किसका समर्थन किया था?**
   A. संजीव रेड्डी
   B. वी.वी. गिरि
   C. मोरारजी देसाई
   D. के. कामराज (B)

***व्याख्या :*** इंदिरा गांधी ने स्वतंत्र उम्मीदवार वी.वी. गिरि का समर्थन किया, जबकि आधिकारिक उम्मीदवार संजीव रेड्डी थे।

6. **1969 में कांग्रेस के विभाजन का मुख्य कारण क्या था?**
   A. क्षेत्रीय मांगें
   B. वैचारिक मतभेद
   C. राष्ट्रपति चुनाव का विवाद
   D. आर्थिक सुधार (C)

***व्याख्या :*** इंदिरा गांधी और सिंडिकेट के बीच राष्ट्रपति चुनाव को लेकर हुआ टकराव कांग्रेस के विभाजन का कारण बना।

7. **'गैर-कांग्रेसीवाद' शब्द किसने गढ़ा था?**
   A. सी. एन. अन्नादुरई
   B. के. कामराज
   C. राम मनोहर लोहिया
   D. मोरारजी देसाई (C)

***व्याख्या :*** राम मनोहर लोहिया ने कांग्रेस के विरोध में विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए 'गैर-कांग्रेसीवाद' का सिद्धांत दिया।

8. **1971 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस (आर) का परिणाम क्या रहा?**
   A. बुरी तरह हार गई
   B. सीपीआई के साथ मिलकर 375 सीटें जीतीं
   C. केवल 16 सीटें जीतीं
   D. कांग्रेस (ओ) के बराबर सीटें मिलीं (B)

***व्याख्या :*** कांग्रेस (आर) ने सीपीआई के साथ मिलकर 375 सीटें जीतकर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत कर ली।

9. **कांग्रेस पार्टी में 'सिंडिकेट' किसे कहा जाता था?**
   A. वामपंथी नेता
   B. नेहरू समर्थक
   C. शक्तिशाली वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का समूह
   D. क्षेत्रीय विपक्षी नेता (C)

***व्याख्या :*** 'सिंडिकेट' उन प्रभावशाली नेताओं का समूह था जो पार्टी के निर्णयों पर नियंत्रण रखते थे, जैसे के. कामराज, निजलिंगप्पा आदि।

10. **इंदिरा गांधी ने अपने नेतृत्व में कांग्रेस में क्या बदलाव किया?**
    A. आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत किया
    B. कमजोर संगठन के साथ केंद्रीकृत नेतृत्व बनाया
    C. केवल औद्योगिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया
    D. सभी क्षेत्रीय दलों को हटा दिया (B)

***व्याख्या :*** इंदिरा गांधी ने कांग्रेस को एक केंद्रीकृत पार्टी में बदल दिया जो उनके व्यक्तिगत प्रभाव पर निर्भर थी।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES